आकाशवाणी गोरखपुर
प्रादेशिक समाचार

दिनांक–27 अक्टूबर 2025 **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मन की बात कार्यक्रम में देशवासियों को छठ पर्व की शुभकामनाएं दीं। कहा– संस्कृति, प्रकृति और समाज के बीच की गहरी एकता का प्रतिबिंब है छठ महापर्व।
- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने गाजियाबाद में यशोदा मेडिसिटी का किया उद्घाटन । कहा– स्वस्थ और विकसित भारत के लक्ष्य को हासिल करने में महती भूमिका निभा सकते हैं निजी क्षेत्र के अच्छे स्वास्थ्य संस्थान ।
- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गढ़मुक्तेश्वर में कार्तिक पूर्णिमा मेले की तैयारियों का लिया जायजा। प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों के साथ की समीक्षा बैठक। गढ़ मुक्तेश्वर और तिगरी मेले को जोड़ कर शासन को प्रस्ताव भेजने का अधिकारियों को दिया निर्देश।
- छठ महापर्व के तीसरे दिन आज अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य देकर होगी पूजा अर्चना। छठ घाटों पर साफ–सफाई और सुरक्षा के किए गए हैं व्यापक इंतजाम।

**********

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में कल देशवासियों को छठ पर्व की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि छठ महापर्व संस्कृति, प्रकृति और समाज के बीच की गहरी एकता का प्रतीक है। समाज का प्रत्येक वर्ग छठ घाटों पर एक साथ आकर भारत की सामाजिक एकता की सुंदर मिसाल पेश करता है।

**छठ का महापर्व संस्कृति, प्रकृति और समाज के बीच की गहरी एकता का प्रतिबिंब है। छठ के घाटों पर समाज का हर वर्ग एक साथ खड़ा होता है। मैं छठी मैया को नमन करता हूँ। सभी देशवासियों को, विशेषकर बिहार, झारखंड और पूर्वांचल के लोगों को छठ महापर्व की शुभकामनाएँ भी।**

प्रधानमंत्री ने वस्तु और सेवा कर–जीएसटी बचत उत्सव को लेकर लोगों में उत्साह पर प्रसन्नता व्यक्त की।

**जीएसटी बचत उत्सव को लेकर भी लोगों में बहुत उत्साह है। इस बार त्योहारों में एक और सुखद बात देखने को मिली। बाजारों में स्वदेशी सामानों की खरीदारी जबरदस्त तरीके से बढ़ी है। मैंने अपने पत्र में खाने के तेल में 10 प्रतिशत की कमी करने का भी आग्रह किया था, इस पर भी लोगों ने बहुत सकारात्मक रुख दिखाया है।**

प्रधानमंत्री ने ऑपरेशन सिंदूर की सराहना करते हुए कहा कि ऑपरेशन सिंदूर ने प्रत्येक भारतीय को गौरवान्वित किया है।

**'ऑपरेशन सिंदूर' ने हर भारतीय को गर्व से भर दिया है। इस बार उन इलाकों में भी खुशियों के दीप जलाए गए जहाँ कभी माओवादी आतंक का अंधेरा छाया रहता था। लोग उस माओवादी आतंक का जड़ से खात्मा चाहते हैं जिसने उनके बच्चों का भविष्य संकट में डाल दिया था।'**

सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती इकतीस अक्टूबर को मनाई जाएगी। प्रधानमंत्री ने इसका उल्लेख करते हुए कहा कि इस अवसर पर हर साल गुजरात के एकता नगर में स्टैच्यू ऑफ यूनिटी के पास विशेष समारोह आयोजित किए जाते हैं। उन्होंने सभी से रन फॉर यूनिटी में भाग लेने का आग्रह किया।

**रन फॉर यूनिटी में आप भी जरूर शामिल हों – और अकेले नहीं सब को साथ लेकर के शामिल हों । एक प्रकार से युवा चेतना का ये अवसर बनना चाहिए एकता की दौड़, एकता को मजबूती देगी। ये उस महान विभूति के प्रति हमारी सच्ची श्रद्धांजलि है, जिन्होंने भारत को एकता के सूत्र में पिरोया था ।**

प्रधानमंत्री ने भारत के राष्ट्रीय गीत–वंदे मातरम की चर्चा की। उन्होंने कहा कि यह देशभक्ति शब्दों से परे एक भावना है। उन्होंने सभी से वंदे मातरम के महिमामंडन के लिए प्रयास करने और हैशटैग वंदेमातरम एक सौ पचास के साथ सुझाव भेजने का आग्रह किया।

**********

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कल गाजियाबाद के इंदिरापुरम में यशोदा मेडिसिटी अस्पताल का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि निजी क्षेत्र के अच्छे स्वास्थ्य संस्थान, स्वस्थ और विकसित भारत का लक्ष्य हासिल करने में महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा देश भर में स्वास्थ्य–चिकित्सा संबंधी बुनियादी ढांचे, संस्थानों और सेवाओं का निरंतर विस्तार किया जा रहा है। राष्ट्रपति ने इस अवसर पर बारह सौ बेड के अत्याधुनिक अस्पताल का दौरा कर आधुनिक उपकरण और बेहतर इलाज की सुविधाओं का निरीक्षण भी किया। उद्घाटन समारोह में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक और यशोदा मेडिसिटी अस्पताल के अध्यक्ष पीएन अरोड़ा सहित कई गणमान्य लोग भी मौजूद थे।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल हापुड़ जिले के गढ़मुक्तेश्वर में लगने वाले पारम्परिक कार्तिक पूर्णिमा मेले की तैयारियों का जायजा लिया। इसी क्रम में, प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर उन्होंने श्रद्धालुओं को सभी तरह की जरूरी सुविधाएं देने और सुरक्षा की पुख्ता व्यवस्था के निर्देश दिये। मुख्यमंत्री ने गंगा तट और घाटों पर विशेष सफाई अभियान चलाने और गढ़

मुक्तेश्वर तथा तिगरी मेले को जोड़कर शासन को एक प्रस्ताव भेजने का भी निर्देश दिया। उन्होंने मेला और गंगा क्षेत्र का हवाई निरीक्षण भी किया।

**********

लोक आस्था और सूर्योपासना के चार दिवसीय छठ महापर्व के तीसरे दिन आज अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य देकर पूजा अर्चना की जाएगी। कल खरना पूजन के साथ ही श्रद्धालु महिलाओं ने छत्तीस घंटे का निर्जला व्रत शुरू कर दिया। घाटों पर आज होने वाली छठ पूजा को देखते हुए व्यापक तैयारियां की गई हैं। पूर्वी उत्तर प्रदेश और बिहार की सीमा पर स्थित कुशीनगर जिले में छठ पर्व को लेकर विशेष उत्साह है।

वाराणसी में भी डाला छठ का उत्साह है। इसी क्रम में, कल वहां महिलाओं ने गंगा स्नान कर वेदी की पूजा की और दीप जलाया।

छठ महापर्व को देखते हुए प्रदेश के लगभग सभी घाटों पर साफ–सफाई और सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए हैं।

**********

छठ पूजा के दौरान श्रद्धालुओं की सुविधा के लिये विशेष रेलगाड़ियां चलाई जा रही है। रेल मंत्रालय ने बताया कि तीन दिनों के भीतर नौ सौ से ज्यादा विशेष ट्रेने संचालित की जा रही हैं। यात्रियों की भीड़ को नियंत्रित करने के लिये बिहार और उत्तर प्रदेश के तीस प्रमुख स्टेशनों पर अतिरिक्त कोच लगाये गये हैं। स्टेशनों पर यात्रियों की सुविधा के लिये मौसम रोधी होल्डिंग एरिया भी बनाये गये हैं।

**********

प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री लक्ष्मी नारायण चौधरी ने कल मथुरा में ब्रज रज उत्सव का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि ब्रज के कण–कण में संगीत और राधा–कृष्ण की लीलाएं बसती हैं। यही कारण है कि यहां की रज आज भी आस्था और श्रद्धा का प्रतीक बनी हुई है। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री सहित उपस्थित गणमान्य लोगों ने विभिन्न विभागों, स्वयं सहायता समूहों और हस्तशिल्प स्टॉलों का निरीक्षण भी किया।

**********

वस्तु और सेवा–कर बचत उत्सव का लाभ समाज के सभी वर्गों तक पहुंच रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बाइस सितंबर से इसकी शुरूआत की थी। जीएसटी सुधारों से ऑटोमोबाइल उद्योग क्षेत्र में तेजी से आ रहे सुधारों को लेकर प्रस्तुत है एक रिपोर्ट–

**नए कर ढांचे के अंतर्गत सरकार ने 350 सीसी तक के दो पहिया वाहनों पर कर को 28ः से घटाकर 18ः कर दिया है। वहीं देश में सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था को और बढ़ावा देने के उद्देश्य से सरकार ने 10 से अधिक सीटों वाली बसों और मिनी बसों पर जीएसटी को 28ः से घटाकर 18 प्रतिशत कर दिया है। इसी तरह 1200 सीसी तक के पेट्रोल इंजन और 1500 सीसी तक के डीजल इंजन वाली कारों पर भी अब 28 प्रतिशत की जगह 18 प्रतिशत जीएसटी लग रहा है, जिससे कारों की बिक्री में बड़ा उछाल आया है। इन सुधारों से गाडियों की घरेलू मांग में बढ़ोतरी हुई है, जिससे आम लोगों के साथ–साथ देश के ऑटोमोबाइल क्षेत्र को भी लाभ मिल रहा है। रोहन और समर्थ के साथ सकलेन अख्तर आकाशवाणी समाचार दिल्ली।**

इस बीच, प्रदेश में नवरात्रि, धनतेरस, दीपावली और छठ महापर्व के दौरान लोग खरीददारी करके जीएसटी बचत उत्सव मना रहे हैं। लखनऊ के रहने वाले मुकुंद मिश्रा ने जीएसटी सुधारों को लोगों के लिये फायदेमंद बताया।

**आपने सुना होगा कि जो हमारी भारत सरकार है, उन्होंने अपने जीएसटी दरों को कम कर दिया है। हमारे छठ के जितने भी सामग्रियां होती हैं, उस पर हमें भारी छूट मिल रही है। तो जिससे कि हम यह जरूर कह सकते हैं कि हममें दुगना उत्साह आ गया है इस चीज को लेकर। इसको लेकर जनता के बीच में काफी खुशी का माहौल है।**

**********

प्रदेश के कुशीनगर जिले के तमकुहीराज में नारायणी नदी के तट पर आज से मॉडल रॉकेट्री–कैनसैट इंडिया छात्र प्रतियोगिता का चार दिवसीय भव्य समापन समारोह शुरू होगा। हमारे कुशीनगर प्रतिनिधि ने बताया कि यह देश की सबसे बड़ी छात्र–नेतृत्व वाली अंतरिक्ष प्रतियोगिताओं में से एक है, जिसका आयोजन भारतीय राष्ट्रीय अंतरिक्ष संवर्धन एवं प्राधिकरण केंद्र द्वारा भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन–इसरो और एस्ट्रोनॉटिकल सोसाइटी ऑफ इंडिया–एएसआई के सहयोग से किया जा रहा है।

**********